खबरों में रहे स्टॉक

रेल विकास निगम



वित्त वर्ष 25 की पहली तिमाही में शुद्ध लाभ पिछले साल के मुकाबले 35 प्रतिशत घटा

₹ 565.9 पिछला बंद भाव
₹ 538.4 आज का बंद भाव
-4.9 % ▼

मेट्रो ब्रांड्स



न्यू यॉर्क की न्यू इरा कैप के साथ रणनीतिक साझेदारी की

₹ 1,307.1 पिछला बंद भाव
₹ 1,338.2 आज का बंद भाव
2.4 % ▲

नजारा टेक्नोलॉजिज



ब्रिटेन की फ्यूजबॉक्स गेम्स का 228 करोड़ रुपये में किया अधिग्रहण

₹ 910.2 पिछला बंद भाव
₹ 931.8 आज का बंद भाव
2.4 % ▲

एक्सिकॉम टेली-सिस्टम्स

ट्रिटियम समूह की कंपनियों के कारोबार और परिसंपत्तियों के अधिग्रहण के लिए करार

₹ 392.1 पिछला बंद भाव
₹ 410.9 आज का बंद भाव
4.8 % ▲

मिंडा कॉर्प



वित्त वर्ष 25 की पहली तिमाही में शुद्ध लाभ पिछले साल की तुलना में 42 प्रतिशत बढ़ा

₹ 517.0 पिछला बंद भाव
₹ 520.1 आज का बंद भाव
0.6 % ▲

संक्षेप में

फर्स्टक्राई के आईपीओ को मिले 12 गुना आवेदन

फर्स्टक्राई ब्रांड का स्वामित्व रखने वाली कंपनी ब्रेनबीज सॉल्युशंस के आईपीओ को आखिरी दिन कुल मिलाकर 12 गुना आवेदन मिले। पात्र संस्थागत खरीदारों की श्रेणी में 19.30 गुना, एचएनआई श्रेणी में 4.68 गुना और खुदरा निवेशकों की श्रेणी में 2.31 गुना आवेदन मिले। कर्मचारियों के लिए आरक्षित श्रेणी में 6.6 गुना बोली मिली। कंपनी ने आईपीओ का कीमत दायरा 440-465 रुपये प्रति शेयर तय किया है। कीमत दायरे के ऊपरी स्तर पर कंपनी का मूल्यांकन 24,142 करोड़ रुपये बैठता है। *बीएस*

आगाज पर फिसला सीगल इंडिया का शेयर

सड़क बनाने वाली कंपनी सीगल इंडिया शेयर गुरुवार को अपने इश्यू प्राइस से नीचे चला गया। कंपनी का शेयर 3.2 फीसदी टूटकर 388 रुपये पर बंद हुआ जबकि इश्यू प्राइस 401 रुपये था। इस शेयर ने एनएसई पर 425 रुपये के उच्चस्तर और 383 रुपये के निचले स्तर को छुआ, जहां 587 करोड़ रुपये के शेयरों का कारोबार हुआ। *बीएस*

प्रोटीन ई-गवर्नेंस टेक से बाहर स्टैंडर्ड चार्टर्ड

स्टैंडर्ड चार्टर्ड बैंक ने गुरुवार को प्रोटीन ई-गवर्नेंस टेक्नोलॉजिज की पूरी 3.09 फीसदी हिस्सेदारी बेच दी। यह ई-गवर्नेंस पर तकनीकी समाधान मुहैया कराती है। वैश्विक बैंक ने 1,800 रुपये प्रति शेयर पर 12.5 लाख शेयर बेचकर 225 करोड़ रुपये जुटाए। *बीएस*

शिक्षा पर खर्च हुआ 2022-23 में एक तिहाई सीएसआर धन

रुचिका चित्रवंशी
नई दिल्ली, 8 अगस्त

कंपनियों ने कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) के तहत वित्त वर्ष 2022-23 में शिक्षा पर 10,085 करोड़ रुपये खर्च किए, जो उस पर अब तक का सबसे अधिक सालाना सीएसआर व्यय है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार शिक्षा क्षेत्र को सीएसआर की मोटी रकम मिल रही है।

सरकार शीर्ष कंपनियों को अपना कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व व्यय प्रस्तावित इंटर्नशिप योजना पर खर्च करने के लिए प्रेरित कर रही है मगर वित्त वर्ष 23 में भी कुल सीएसआर व्यय का एक-तिहाई हिस्सा शिक्षा पर खर्च किया गया। यह रकम नौ साल में सबसे ज्यादा रही है। इसके बनिस्बत व्यावसायिक कौशल पर वित्त वर्ष 2022-23 के दौरान 1,164 करोड़ रुपये का ही सीएसआर धन खर्च किया गया है। यह 2021-22 के 1,033 करोड़ रुपये से कुछ ही ज्यादा है।

केंद्र सरकार चाहती है कि कंपनियां अपने सीएसआर कोष का पैसा देश के युवाओं को कौशल प्रदान करने और उन्हें नौकरी के लिए तैयार करने तथा रोजगार के लायक बनाने में इस्तेमाल करें। वह चाहती है कि इस रकम को विकास और सामाजिक बुनियादी ढांचे से जुड़ी गतिविधियों पर खर्च न किया जाए क्योंकि उन पर खर्च करने के लिए सरकार ही काफी है।

व्यावसायिक कौशल पर वित्त वर्ष 2022-23 के दौरान 1,164 करोड़ रुपये का ही सीएसआर धन खर्च किया गया है

स्वास्थ्य, ग्रामीण विकास परियोजना, पर्यावरण स्थिरता और आजीविका संवर्धन परियोजना चार अन्य क्षेत्र हैं, जिन पर सीएसआर कोष की सबसे ज्यादा राशि व्यय की गई है। सीएसआर व्यय में सबसे तेज उछाल पशु कल्याण क्षेत्र में देखी जा सकती है, जो वित्त वर्ष 2014-15 में 17 करोड़ रुपये ही था मगर वित्त वर्ष 2022-23 में कई गुना बढ़कर 315 करोड़ रुपये से ज्यादा हो गया।

कंपनी अधिनियम के मुताबिक सीएसआर अनिवार्य और वैधानिक कर्तव्य है। ऐसा प्रावधान चुनिंदा देशों में ही है, जिनमें अब भारत भी शामिल हो गया है। दुनिया के तमाम देशों में सीएसआर व्यय स्वैच्छिक रखा गया है। नॉर्वे और स्वीडन जैसे देशों में आज सीएसआर स्वैच्छिक है मगर शुरुआत में यह अनिवार्य ही था।

राष्ट्रीय सीएसआर पोर्टल पर दिखाए गए आंकड़ों के कंपनीवार विवरण से पता चलता है कि एचडीएफसी बैंक लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2022-23 में 803 करोड़ रुपये खर्च किए और वह देश में सबसे अधिक सीएसआर खर्च करने वाली कंपनी रही। पिछले चार साल के आंकड़े उपलब्ध हैं और उस दौरान रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड देश में कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के लिए सबसे ज्यादा व्यय करने वाली कंपनी रही। मगर साल 2022-23 में रिलायंस 743.4 करोड़ रुपये के व्यय के साथ तीसरे स्थान पर रही। एचडीएफसी बैंक और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) ने उससे ज्यादा रकम खर्च की।

प्रधानमंत्री राहत कोष के तहत सीएसआर व्यय महामारी वाले वर्षों में तेजी से बढ़ा था मगर बाद में कम होता गया। वित्त वर्ष 2022-23 में यह घटकर 815.85 करोड़ रुपये रह गया, जबकि 2021-22 में यह 1,215 करोड़ रुपये और उससे पहले वाले वित्त वर्ष में 1,698 करोड़ रुपये था।

सीएसआर के जरिये सबसे कम धनराशि प्रौद्योगिकी इनक्यूबेटर क्षेत्र को मिली। इस क्षेत्र पर वित्त वर्ष 2022-23 के दौरान केवल 1 करोड़ रुपये खर्च किए गए, जबकि इससे पिछले साल यह राशि 8.6 करोड़ रुपये थी।

एजिलस में पीई हिस्सेदारी की पुनर्खरीद करेगी फोर्टिस!

सोहिनी दास
मुंबई, 8 अगस्त

- पुट ऑप्शन का इस्तेमाल करके अपनी हिस्सेदारी बेच रहीं पीई
- 31.5 प्रतिशत हिस्सेदारी का मूल्य 1,780 करोड़ रुपये आंका गया, जिसमें एजिलस का मूल्य है 5,700 करोड़ रुपये
- फोर्टिस को जैकब बैलास इंडिया फंड से पहले ही मिल चुका है पत्र

फोर्टिस हेल्थकेयर अपनी डायग्नोस्टिक शाखा एजिलस डायग्नोस्टिक्स में पीई कंपनियों की 31 प्रतिशत हिस्सेदारी 1,780 करोड़ रुपये में खरीदने वाली है, इससे एजिलस का मूल्य 5,700 करोड़ रुपये आंका गया है। पीई पुट ऑप्शन का इस्तेमाल करते हुए अपनी हिस्सेदारी बेच रहे हैं।

फोर्टिस को इस संबंध में एनवाईएलआईएम जैकब बैलास इंडिया फंड 3 एलएलसी (एनजेबीआईएफ) से पहले ही 905 करोड़ रुपये मूल्य की 15.86 प्रतिशत हिस्सेदारी के लिए पत्र मिल चुका है। बाकी पीई निवेशकों - इंटरनैशनल फाइनैंस कॉरपोरेशन (आईएफसी) और रिसर्जेंस पीई इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड, जिसे पहले एविगो पीई इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के नाम से जाना जाता था, के पत्र 13 अगस्त तक मिलने की उम्मीद है।

5,700 करोड़ रुपये वाले इस सौदे में एजिलस का मूल्य वित्त वर्ष 26 की अपेक्षित ईवी/एबिटा का 20 गुना है। नुवामा के विश्लेषकों ने कहा है कि इस अधिग्रहण के लिए रकम का इंतजाम ऋण द्वारा किया जाएगा जो 10 से 10.5 प्रतिशत की दर पर 1,500 करोड़ रुपये का ऋण होगा। उन्होंने कहा कि इससे मार्जिन पर दबाव पड़ सकता है। फोर्टिस की डायग्नोस्टिक शाखा एजिलस ने 55.5 करोड़ रुपये के एबिटा और 18 प्रतिशत के मार्जिन के साथ वित्त वर्ष 25 की पहली तिमाही में 309.6 करोड़ का शुद्ध राजस्व दर्ज किया है।

डॉ लाल पैथलैब्स का 8 अगस्त, 2024 तक बाजार पूंजीकरण 26,669.89 करोड़ रुपये है। इसने वित्त वर्ष 25 की पहली तिमाही में 534 करोड़ रुपये का राजस्व दर्ज किया है। एक अन्य प्रमुख डायग्नोस्टिक कंपनी मेट्रोपोलिस हेल्थकेयर का 8 अगस्त, 2024 तक बाजार पूंजीकरण 10,575.16 रुपये है। मेट्रोपोलिस ने वित्त वर्ष 24 की चौथी तिमाही में 292.27 करोड़ रुपये का राजस्व और वित्त वर्ष 24 के दौरान 1,103.43 करोड़ रुपये का राजस्व दर्ज किया था।

लेनदारों के खाते में 48 घंटे के भीतर रकम जमा कराए हिंदुजा

देव चटर्जी
मुंबई, 8 अगस्त

हिंदुजा को झटका देते हुए नैशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल (एनसीएलटी) ने समूह की इकाई इंडसइंड इंटरनैशनल होल्डिंग्स (आईआईएचएल) को 48 घंटे के भीतर लेनदारों के खातों में 2,750 करोड़ रुपये हस्तांतरित करने का निर्देश दिया है। दिवालिया कंपनी रिलायंस कैपिटल के लिए सबसे ऊंची बोली लगाने वाली आईआईएचएल ने 9,561 करोड़ रुपये की पेशकश की थी। 23 जुलाई के एनसीएलटी के आदेश के मुताबिक, आईआईएचएल को 31 जुलाई तक इक्विटी का हिस्सा 2,750 करोड़ रुपये चुकाना था। लेकिन आईआईएचएल ने यह कहते हुए लेनदारों को भुगतान नहीं किया कि एस्क्रो खाते को लेकर लेनदार कुछ पूर्वशर्त को पूरा करे।

एनसीएलटी ने आज के आदेश में यह भी स्पष्ट किया कि एस्क्रो खाते में लेनदारों के लिए ब्याज आय अर्जित होगी। एनसीएलटी ने आईआईएचएल को 7,300 करोड़ रुपये के फंड पर टर्मशीट का खुलासा लेनदारों की मॉनिटरिंग कमेटी को करने का भी निर्देश दिया है, जो वह कर्ज के जरिए जुटा रही है। एनसीएलटी आईआईएचएल व रिलायंस कैपिटल के प्रशासक की याचिकाओं की सुनवाई कर रहा था। प्रशासक के मुताबिक, हिंदुजा समूह ने रिलायंस कैपिटल के अधिग्रहण के लिए लेनदारों के तय खातों में रकम जमा नहीं कराई, जो अदालत के आदेश का उल्लंघन है।

हिंदुजा समूह व लेनदारों के बीच कानूनी संघर्ष ने आरकैप के अधिग्रहण में देर हुई, जिसे दिसंबर 2021 में दिवालिया अदालत भेजा गया था।

एफएमसीजी की बिक्री 4 प्रतिशत बढ़ी

शार्लीन डिसूजा
मुंबई, 8 अगस्त

अप्रैल-जून तिमाही के दौरान देश में तेजी से खपत होने वाली वस्तुओं यानी एफएमसीजी की बिक्री कीमत के लिहाज से 4 फीसदी ही बढ़ी क्योंकि खपत में सुस्ती देखी गई। मात्रा के लिहाज से बिक्री में 3.8 फीसदी इजाफा हुआ। उपभोक्ता शोध कंपनी नीलसनआईक्यू ने इन आंकड़ों के साथ बताया कि इस तिमाही में कीमतें 0.2 फीसदी ही बढ़ीं, जिससे पता चलता है कि बाजार ठहरा हुआ है।

मात्रा के लिहाज से बिक्री में ग्रामीण क्षेत्र आगे रहे और वहां बिक्री 5.2 फीसदी बढ़ी मगर शहरी क्षेत्र में इसमें 2.8 फीसदी इजाफा ही देखा गया। शोध कंपनी ने कहा कि जून में समाप्त हुई तिमाही में दोनों ही क्षेत्रों में खपत सुस्त देखी गई। जनवरी-मार्च तिमाही में ग्रामीण बिक्री मात्रा के लिहाज से 7.6 फीसदी बढ़ी थी और शहरी इलाकों में 5.7 फीसदी वृद्धि हुई थी।

नीलसन आईक्यू में हेड ऑफ कस्टमर सक्सेस (इंडिया) रूजवेल्ट डिसूजा ने अपनी विज्ञप्ति में कहा 'भारतीय एफएमसीजी उद्योग की वृद्धि स्थिर रही है, जो इसकी मजबूती और माहौल के हिसाब से ढलने की क्षमता दिखाती है। इस क्षेत्र में 2024 की दूसरी तिमाही (अप्रैल-जून) के दौरान कीमत के लिहाज से 4 फीसदी बिक्री बढ़ी, जिसका कारण खपत नरम रहना है। बिक्री मात्रा में सुस्ती वृहद आर्थिक चुनौतियों की वजह से आई है। ग्रामीण क्षेत्र में मात्रात्मक बिक्री 5.2 फीसदी बढ़ी और शहरी इलाकों की 2.8 फीसदी वृद्धि से अधिक रही मगर कुल मिलाकर दोनों जगह इस तिमाही में खपत सुस्त रही है।'

एफएमसीजी खपत की वृद्धि की रफ्तार खाद्य क्षेत्र के कारण मुख्य रूप से कम हुई है, जिसमें अप्रैल-जून तिमाही में 2.4 फीसदी वृद्धि ही दिखी, जबकि जनवरी-मार्च में वृद्धि दर 4.8 फीसदी थी। नीलसन आईक्यू के मुताबिक मात्रा के लिहाज से बिक्री में सुस्ती की वजह पैकेट बंद नमक, पैकेट बंद आटा (गेहूं का आटा) और पाम ऑयल जैसे खाद्य पदार्थ रहे। जून में समाप्त हुई तिमाही के दौरान खाद्य को छोड़कर बाकी एफएमसीजी में 7.6 फीसदी अधिक मात्रा में सामान बिका। मार्च में समाप्त तिमाही में इसमें 11.1 फीसदी वृद्धि हुई थी।

नीलसनआईक्यू की विज्ञप्ति में कहा गया, 'पर्सनल केयर और होम केयर श्रेणियों में शहरी और ग्रामीण दोनों ही क्षेत्रों में उपभोक्ता मांग गिरी है। शहरी बाजार में पर्सनल केयर में अप्रैल-जून के दौरान 5.2 फीसदी (जनवरी-मार्च में 9.7 फीसदी के मुकाबले) वृद्धि देखी गई है। ग्रामीण क्षेत्रों में यह अप्रैल-जून के दौरान 8.3 फीसदी (जनवरी-मार्च में 10.6 फीसदी के मुकाबले) रही है।

एलआईसी का लाभ 10 प्रतिशत बढ़ा

भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) का शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही में सालाना आधार पर 10 प्रतिशत बढ़कर 10,461 करोड़ रुपये हो गया। पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ 9,544 करोड़ रुपये रहा था। देश की सबसे बड़ी बीमा कंपनी एलआईसी ने गुरुवार को स्टॉक एक्सचेंजों को दी सूचना में कहा कि जून तिमाही में उसकी कुल आमदनी 2,10,910 करोड़ रुपये रही है, जो बीते वित्त वर्ष की समान तिमाही में 1,88,749 करोड़ रुपये थी। कंपनी ने कहा कि समीक्षाधीन तिमाही में पॉलिसी के पहले साल का प्रीमियम बढ़कर 7,470 करोड़ रुपये हो गया जो पिछले साल समान अवधि में 6,811 करोड़ रुपये था। एलआईसी ने चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में पुरानी पॉलिसी के नवीकरण प्रीमियम से 56,429 करोड़ रुपये कमाए, जो एक साल पहले समान अवधि में 53,638 करोड़ रुपये था।

जून तिमाही में एलआईसी की निवेश से शुद्ध आय बढ़कर 96,183 करोड़ रुपये हो गई, जो पिछले साल समान तिमाही में 90,309 करोड़ रुपये थी। पिछली तिमाही में एलआईसी का सॉल्वेंसी मार्जिन (दावे के भुगतान की क्षमता) अनुपात बढ़कर 1.99 प्रतिशत हो गया, जो एक साल पहले इसी तिमाही में 1.89 प्रतिशत था। *भाषा*

पावरग्रिड POWERGRID

जम्मू और कश्मीर में 400/220 केवी न्यू वानपोह (पीजी) एस/एस में परिवर्तन क्षमता में 400/220 केवी, 1X315 एमवीए (3X105 एमवीए) आईसीटी (तीसरा) के विस्तार से जुड़े सबस्टेशन एक्सटेंशन पैकेज एसएस-133 (एआईएस) की निविदाओं के लिए आमंत्रण (आईएफबी)

एकल चरण दो लिफाफा (एसएसटीई) बोली प्रक्रिया (फंडिंग: घरेलू)

दिनांक: 09.08.2024

पावरग्रिड निम्नलिखित पैकेज के लिए ई-पोर्टल https://etender.powergrid.in के माध्यम से ऑनलाइन निविदाएं आमंत्रित करता है:

आरएफक्यूस नं. फोन	पैकेज संदर्भ	निविदा दस्तावेजों की डाउनलोडिंग निविदा दस्तावेजों की कीमत	निविदा जमा करने की अंतिम तिथि (सॉफ्ट कॉपी भाग)
5002003705 0124-2823316	निर्देशन सं. सीसी/एनटी/व्यल्यू-एडएएस/डीओएन/ टेंडर/24/06670	23.08.2024 को 1100 बजे तक दस्तावेज शुल्क: रु. 25,000/-	23.08.2024 1100 बजे तक

1. निविदा समय-सारणी में परिशिष्ट/संशोधन, यदि कोई हो, सहित विस्तृत विवरणों के लिए कृपया ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://etender.powergrid.in को देखें।
2. निविदा का पहला लिफाफा (तकनीकी-वाणिज्यिक भाग) निविदा (सॉफ्ट कॉपी भाग) जमा करने की अंतिम तिथि के 30 मिनट बाद खोला जाएगा।
3. पूर्ण निविदा दस्तावेज केवल संदर्भ के प्रयोजन हेतु हमारी वेबसाइट http://www.powergrid.in और भारत सरकार के सेन्ट्रल प्रोक्योरमेंट पोर्टल (https://eprocure.gov.in) पर भी उपलब्ध हैं।
4. एनआईटी/आईएफबी पहले ही 12.07.2024 को ई-पोर्टल https://etender.powergrid.in पर प्रकाशित की गई है।

पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड
(भारत सरकार का उद्यम)
निगमित कार्या.: 'सौदामिनी', प्लॉट सं.-2, सेक्टर-29, गुरुग्राम, हरियाणा-122001
पंजीकृत कार्यालय: बी-9, कुतुब इंस्टीट्यूशनल एरिया, कटवारिया सराय, नई दिल्ली-110016
www.powergrid.in, सीआईएन: L40101DL1989GOI036121
एक महारत्न पीएसयू

PGCIL/NIT-66/AS-65/24-25/Lagdiya

kotak कोटक महिंद्रा बैंक लिमिटेड ऑनलाइन ई-नीलामी संपत्ति की बिक्री

पंजीकृत कार्यालय: 27 बीकेसी, सी 27, जी-ब्लॉक, बांद्रा कुर्ला कॉम्पलेक्स, बांद्रा (ई) मुंबई, महाराष्ट्र, पिनकोड -400051 शाखा कार्यालय: कोटक महिंद्रा बैंक लिमिटेड, सं. 7वां तल, सेक्टर-125, नोएडा, उ.प्र.-201313

अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए बिक्री सूचना

वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 8(6) के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमों, 2002 के नियम 9(1) के परंतुक के तहत अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना: "फुलर्टन इंडिया होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड" (बाद में "एफआईएचएलएल" के रूप में संदर्भित) द्वारा कोटक महिंद्रा बैंक लिमिटेड के पक्ष में ऋण के असाइनमेंट के बाद, फुलर्टन इंडिया होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड (बाद में "एफआईएचएलएल" के रूप में संदर्भित) के प्राधिकृत अधिकारी ने 05.09.2021 को नीचे वर्णित अचल संपत्ति (इसके बाद "प्रत्याभूत परिसंपत्ति" से संदर्भित) ऋणदाता के पास बंधक/प्रभारित की गई है, का कब्जा प्राप्त कर लिया। एतद् द्वारा जनता को सामान्य रूप से और विशेष रूप से उधारकर्ता(ओं) और गारंटर(रों) को सूचित किया जाता है कि बैंक ने सरफेसी अधिनियम, 2002 के प्रावधानों के तहत "जो है जहां है", "जो है जैसा है", और "यहां जो कुछ भी है" के आधार पर ई-नीलामी के माध्यम से ऋण खाते 601607210258839 और 601607510297338 के तहत अप्रभारित प्रत्याभूत ऋणदाता के, श्री सुरेश कुमार की सुरेश, श्री सुनीता सुयल और मैसर्स अम्बोने इंटरप्राइसेस द्वारा लिए गए ऋण नीचे दिए गए विवरण अनुसार से बकाया दिनांक 07.08.2024 तक रुपये 19,25,025/- (रुपये उन्नीस लाख पच्चीस हजार पच्चीस मात्र) लागू भविष्य के ब्याज के साथ भुगतान तक की वसूली के लिए "जो है जहां है", "जो है जैसा है", और "यहां जो कुछ भी है" के आधार पर प्रत्याभूत परिसंपत्ति को बेचा जाएगा।

विवरण	विवरण
नीलामी की दिनांक	27.08.2024
नीलामी का समय	दोपहर 12:00 से 1:00 बजे के बीच 5 मिनट के असीमित विस्तार के साथ
आरक्षित मूल्य	रु. 7,20,000/- (रु साठ लाख बीस हजार मात्र)
अग्रिम राशि जमा (ईएमडी)	रु. 72,000/- (रु बहत्तर हजार मात्र)

ईएमडी के साथ केवाईसी की अंतिम दिनांक: 26.08.2024 से 5:00 बजे तक (आईएमटी)

संपत्ति विवरण-संपत्ति धारक प्लॉट सं. पी-2, (फ्लैट सं. 302), तीसरे तल पर, (छत फ्लैट/पेंट हाउस फ्लैट) बिना छत अधिकार स्कोब पैलेस स्थित प्लॉट सं. 327, मालवता नगर, ग्राम बिचौली हप्सी तहसील और जिला इंदौर, मध्य प्रदेश-452001 का संपूर्ण व सर्वांगीण भाग, सीमांकन: पूर्व: उक्त भवन का साझा रास्ता, पश्चिम: बैकलैन, उत्तर: प्लॉट सं. 328, दक्षिण: फ्लैट सं. पी-1 (फ्लैट सं. 301), कुल निर्मित क्षेत्र 600 वर्ग फुट।

ऋणभार	कोई-नहीं

प्रत्याभूत संपत्ति को छुड़ाने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में, सरफेसी अधिनियम की धारा 13 की उपधारा 8 के प्रावधानों पर उधारकर्ता का ध्यान आकर्षित किया जाता है। आम तौर पर जनता और विशेष रूप से उधारकर्ता कृपया ध्यान दें कि यदि यहां निर्धारित नीलामी किसी भी कारण से विफल हो जाती है तो प्रत्याभूत ऋणदाता के विवेक पर निजी संधि के माध्यम से बिक्री के माध्यम से प्रत्याभूत हित को प्रत्याभूत ऋणदाता प्रवर्ती न कर सकता है। संपत्ति के संबंध में किसी भी स्पष्टीकरण/आवश्यकता के मामले में बिक्री के तहत, बोलीदाता श्री धीरेंद्र वर्मा (+919893014333), श्री अखिल सोलंकी (+917302111608), और योलीदाता बैंक आईपीआर सं. (+91-9152219751) से संपर्क कर सकते हैं। बिक्री के विस्तृत नियम और शर्तों के लिए, कृपया कोटक महिंद्रा बैंक वेबसाइट में दिए गए लिंक https://www.kotak.com/en/bank-auctions.html यानी www.kotak.com का https://bankauctions.in/ का संदर्भ लें।

स्थान: इंदौर, दिनांक: 09.08.2024 प्राधिकृत अधिकारी, कोटक महिंद्रा बैंक लिमिटेड

भारतीय कंटेनर निगम लिमिटेड
CONTAINER CORPORATION OF INDIA LTD.
एक नवरत्न कम्पनी (भारत सरकार का उपक्रम)
A Navratna Company (A Govt. of India Undertaking)

सं.: एमएसटीसी/एसआरओ/कॉनकॉर/2/24-25/21066, 21068, 21069 व 21070 दिनांक: 09.08.2024

ऑनलाइन सार्वजनिक नीलामी बिक्री

कॉनकॉर द्वारा एरिया-III (दक्षिण) में कॉनकॉर टर्मिनलों (चेन्नई, बैंगलौर, हैदराबाद एवं विजाग) पर उपलब्ध नागपुर/बायरहित आयातित कार्गो, अतिग्रस्त घरेलू कंटेनरों/कार्गो की ऑनलाइन नीलामी बिक्री को आमंत्रित किया जाता है। आयातित कार्गो हेतु सीमा शुल्क अधिनियम, 1962 की धारा 48 के प्रावधानों के अंतर्गत आयातक/पक्षेपिती (कंसाइनी) को आगे कोई सूचना दिए बिना सार्वजनिक नीलामी आयोजित की जाती है। अपील या माननीय न्यायालय के अंतर्गत शामिल मामलों के सामान की बिक्री के विरुद्ध कोई कार्यवाही, यदि कोई हो, इस सूचना के जारी होने की तिथि से 7 दिनों के भीतर कॉनकॉर को भेजी जा सकती है, अन्यथा यह मान लिया जाएगा कि आयातक/पक्षेपिती को कोई आपत्ति नहीं है तथा आगे कोई सूचना दिए बिना सामानों की बिक्री की जा सकती है। ऑनलाइन नीलामी मैसर्स कॉनकॉर के लिए प्राधिकृत ई-ऑक्शन सेवा प्रदाता, मैसर्स एमएसटीसी लिमिटेड के माध्यम से आयोजित की जाएगी। कंटेनरों/कार्गो का निरीक्षण संबंधित कॉनकॉर टर्मिनलों में 09.08.2024 से 19.08.2024 तक कार्य दिवसों में कार्य घंटों के दौरान किया जाएगा। ऑनलाइन नीलामी की निर्धारित तिथि 20.08.2024 है। अधिक जानकारी हेतु कृपया www.concorindia.com या eprocure.gov.in या www.mstcindia.co.in पर लॉग ऑन करें या कॉनकॉर से 044-28462192 या मैसर्स एमएसटीसी लिमिटेड से फोन 044-25219004, ई-मेल mhjain@mstcindia.co.in पर संपर्क करें। इसके अलावा, कृपया ध्यान दें कि शुद्धिपत्र, यदि कोई हुआ, तो केवल उपरोक्त वेबसाईटों पर डाला ही जाएगा।

हस्ता./- एरिया हैड-III (दक्षिण)

State Bank of India Employees' (M. S. Patel) Co-operative Credit Society Ltd., Mumbai.
State Bank of India, Mumbai Main Branch Building, 3rd Floor, Mumbai Samachar Marg, Fort, Mumbai - 400 023.

NOTICE

Notice is hereby given that, **the 95th Annual General Body Meeting of the State Bank of India Employees' (M. S. Patel) Co-op. Credit Society Ltd., Mumbai,** will be held on **Sunday, 25th August, 2024 at 10.00 a.m. at Sir Sitaram & Lady Shantabai Patkar Convocation Hall of S.N.D.T. Women's University, 1, Nathibai Thackersey Road, Queen's Road, Churchgate, Mumbai- 400 020.** All members are requested to attend the meeting. The Annual Report & Audited Statement of Accounts have been despatched to all members at their Branch/office. Notice is available on Society's Website **www.sbimspatel.com** & displayed at the registered office, for information. **Bank's Identity Card is compulsory to attend the meeting.**

By order of the Board,
MAHENDRA VAIDYA
HON. SECRETARY & CEO

Mumbai
Date : 09.08.2024

सुप्रीम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड

वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण की धारा 13(2) और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 ("सरफेसी अधिनियम, 2002") के तहत सूचना

हम, सुप्रीम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड नैशनल हाउसिंग फाइनेंस बैंक अधिनियम, 1987 के तहत और कंपनी अधिनियम 2013 के प्रावधानों के तहत निगमित और जिसका पंजीकृत वर्तमान पता: दूसरा तल, ब्लॉक-ई, हर्षा भवन, मिडिल सर्कल, कनॉट प्लेस, नई दिल्ली-110001(पूर्व में आरडी चैंबर्स 16/11, आर्य समाज रोड, करोल बाग, नई दिल्ली-110005 पर स्थित) और जिसका सीआईएन: यू57190डीएल2014एलसी272457, वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (इसके बाद "अधिनियम" से संदर्भित) की धारा 13(2) ते तहत निम्नलिखित सूचना है, जिसकी सामग्री को सजगसार ध्यान दिया जा सकता है।

उधारकर्ता/सह - उधारकर्ता का नाम और पता: 1. धुंधा बाई पत्नी नानू राम, 2. भायालाल हातिला पुत्र नानू राम, 3. मानू राम पुत्र बाबू, सभी निवासी 185 ग्राम बालेड़ी, बालेड़ी, धार, मध्यप्रदेश - 454441, **इसके अतिरिक्त:** मकान सं. 185, खसरा सं. 392/2, ग्राम गोलपुरा, पीएच सं. 79, तहसील सरदारपुर, जिला धार, मध्य प्रदेश

ऋण खाता सं.: LNDHA00921-220004808, **ऋण राशि:** रु. 2,65,000/- दि. 29.11.2021,
सरफेसी अधिनियम सूचना की दिनांक: 22.05.2024, **एनपीए दिनांक:** 10.03.2024
मांग सूचना दिनांक और सरफेसी, 2002 के तहत राशि: रुपये 3,04,050.00/- दि. 07.05.2024 तक

बंधक संपत्ति: मकान सं. 185, स्थित खसरा सं. 392/2, ग्राम गोलोपुरा, पीएचसं. 79, तहसील सरदारपुर, जिला धार, मध्य प्रदेश, मापक निम्न प्रकार: लंबाई: 26, चौड़ाई: 26, कुल क्षेत्र 676 वर्ग फुट या 62.825 वर्ग मीटर का संपूर्ण व सर्वांगीण भाग सीमांकन प्रकार: पूर्व: शेष भूमि, पश्चिम: शेष भूमि, उत्तर: शेष भूमि, दक्षिण: प्रधानमंत्री सड़क।

उधारकर्ता/सह - उधारकर्ता का नाम और पता: 1. ज्योति कंवर पत्नी राजेंद्र सिंह, 2. राजेंद्र सिंह पुत्र दादू सिंह, 3. दादू सिंह पुत्र नानू सिंह, सभी निवासी ग्राम बोरदा तहसील जावरा जिला रतलाम, बोरदा, रतलाम मध्यप्रदेश, (भारत)-457226, **कर्ज सं. 3 इसके अतिरिक्त:** 128/1, ग्राम बोरदा, ग्राम बोरदा, तहसील जावरा, जिला रतलाम, मध्य प्रदेश-457226

ऋण खाता सं.: LNRAT00921-220002728, **ऋण राशि:** रु. 2,99,867/- दि. 27.07.2021,
सरफेसी अधिनियम सूचना की दिनांक: 15.06.2024, **एनपीए दिनांक:** 10 मई, 2024
मांग सूचना दिनांक और सरफेसी, 2002 के तहत राशि: रुपये 3,35,697.00/- 12 जून, 2024 तक

बंधक संपत्ति: संपत्ति धारक, आबादी क्षेत्र ग्राम बोरदा तहसील जावरा, जिला रतलाम, मध्यप्रदेश, क्षेत्र 800 वर्ग फुट (74.31 वर्ग मीटर) का संपूर्ण व सर्वांगीण भाग सीमांकन प्रकार: पूर्व: नानू सिंह का मकान, पश्चिम: गट्टू सिंह का मकान, उत्तर: भूपेंद्र सिंह का मकान, दक्षिण: सड़क, कुल मापक क्षेत्र 800 वर्ग फुट (74.31 वर्ग मीटर)।

इसके अतिरिक्त, वरसरी के साथ, ह